<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>पंतनगर किसान मेला में होंगे किसानों हेतु विशेष आकर्षण</u>

पन्तनगर। 1 अक्टूबर 2024। विश्वविद्यालय में 4 से 7 अक्टूबर 2024 तक आयोजित होने वाले 116वें अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी में किसानों हेतु विभिन्न कार्यक्रम व प्रतियोगिताएं होंगी। गांधी पार्क में लगाये जाने वाले इस चार–दिवसीय मेले में चारों दिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। निदेशक प्रसार शिक्षा डा. जितेन्द्र क्वात्रा ने बताया कि मेले के प्रमुख आकर्षणों में 4–5 अक्टूबर 2024 को फल–फूल, शाक–भाजी एवं परिरक्षित पदार्थों की प्रदर्शनी व प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। 5 अक्टूबर 2024 को अपरान्ह् 2:00 बजे शैक्षणिक डेयरी फार्म, नगला पर संकर बछियों की नीलामी एवं मत्स्य उत्पादन प्रदर्शनी व प्रतियोगिता 3:00 बजे आयोजित की जायेंगी तथा 4 से 6 अक्टूबर 2024 को कृषक वैज्ञानिक संवाद/कृषक गोष्ठी 3:00 बजे तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम 7:00 से 8:30 बजे तक आयोजित की जायेगी। 6 अक्टूबर 2024 को पूर्वान्ह् 10:00 बजे से पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय के परिसर में पशु प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। 7 अक्टूबर 2024 को समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का गांधी हाल में अपराह्न 3:00 बजे से आयोजन किया जायेगा, जिसमें मेले में हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजित प्रतिभागियों एवं मेले में लगे स्टालों को अपने प्रदर्शन हेतु मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।

डा. क्वात्रा ने बताया कि किसान मेले में 65 वर्ष से ज्यादा आयु के वृद्ध तथा 10 वर्ष से कम आयु के बालक/बालिका व ऐसे व्यक्ति जिसे कोई अन्य बीमारी हो, सावधानीपूर्वक प्रतिभाग करें। कृपया अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर मेले से लाभ उठायें तथा किसान मेले को स्वच्छ बनाने एवं पॉलीथीन मुक्त रखने में सहयोग प्रदान करें।

निदेशक संचार